तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रथ में निकले जगन्नाथ, दर्शन को उमड़े लोग, स्वागत में बरसे मेघ



## खबर संक्षेप

### जीएसटी से संबंधित विषय पर चेंबर का संवाद आज

**कोरबा।** जीएसटी सर्किल 1 एवं 2 के अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर (राज्य कर) सुश्री श्रुति सोनी एवं अनिमोह बांसवार के साथ चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारी और व्यापारी वर्ग के साथ भेंट मुलाकात 17 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे जीएसटी आफिस स्टेट के भूतल भी रखी गई है। जीएसटी से संबंधित समस्या के समाधान हेतु इस बैठक में महत्वपूर्ण संवाद होगा। इसके साथ ही कई जरूरी जानकारी भी व्यापारियों को प्राप्त होगी। चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन ने आयोजित उक्त बैठक में व्यापारी बंधुओ से उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासा का समाधान करने का आग्रह किया है।

### डीएमएफ से छात्रों को मिलेगी उच्च शिक्षा की सुविधा

**कोरबा।** शिक्षा किसी भी समाज के समग्र विकास की आधारशिला होती है। एक शिक्षित युवा न केवल अपने परिवार का भविष्य संवारता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अक्सर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के सामने यह चुनौती और भी गंभीर होती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) कोरबा श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में ष्स्वामी विवेकानंद जिला खनिज न्यास शिक्षा प्रोत्साहन योजनाष तैयार की गई है।

### पथर्रीपारा में टुल्लू पंप का जाल, कई घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**कोरबा।** निगम के पथर्रीपारा क्षेत्र में अपने घरों में लोगों ने टुल्लू पंप का जाल बिछा रखा है। जिनके द्वारा नलों से अवैध कनेक्शन कर लगातार पानी खींचा जा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि टुल्लू पंपधारी लोगों के घरों में तो पर्याप्त पानी आ रहा है लेकिन अन्य लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। वार्ड के निवासियों ने बताया कि इस ओर निगम के अधिकारियों का ध्यान कई बार आकृष्ट करवाया गया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया, जिससे अवैध टुल्लू पंपधारियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि टुल्लू पंप के खिलाफ अभियान चलाया जाए और जिन-जिन घरों में इसका उपयोग हो रहा है उसे जब्त कर कार्रवाई की जाए।

### मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर द्वारा एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को डीएवी गेवरा में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बच्चों के हित में आवश्यक सिविल एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु कल्याण समिति सदस्य गेवरा हेमराज राव द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्यालय परिसर की नालियों की मरम्मत एवं सफाई, वृक्षारोपण, बोरवेल पाइपलाइन कनेक्शन, कॉरिडोर निर्माण, बिजली व्यवस्था, जल निकासी, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, झाड़ियों एवं कचरे की सफाई, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण तथा विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो अतिरिक्त सेक्शन प्रारंभ करने सहित कुल 13 महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। संगठन ने प्रबंधन से मांग की है कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृत कर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

# सीआईएल की 3 सौ खदानों में से टॉप 35 खदानों से 74 प्रतिशत कोयला उत्पादन

## एमसीएल की 12, एसईसीएल की 8 व एनसीएल की 7 खदानें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया के कुल 300 कोयला खदानों में से उत्पादन की दृष्टिकोण से देखें तो चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में टॉप-35 खदानों का योगदान 74 प्रतिशत है। पहली तिमाही में कोल इंडिया का कुल कोयला उत्पादन 169.62 मिलियन टन है। टॉप-35 खदानों से 126.06 मिलियन टन उत्पादन हुआ है। कोलइंडिया के टॉप 35 खदानों में से एसईसीएल, एनसीएल, एमसीएल की 27 कोयला खदान शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि कोलइंडिया के टॉप-35 खदानों ने लक्ष्य का 89.63 प्रतिशत उपलब्धि तीन महीने में हासिल की है। यानी समय के साथ छोटी-छोटी कोयला खदानों के दिन लद रहे हैं। छोटी खदानों में उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। इसलिए दौर टॉप-35 श्रेणी की बड़ी खदानों का है। टॉप-35 श्रेणी में सालाना कम-से-कम चार मिलियन टन यानी 40 लाख टन कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों को रखा जाता है। इन खदानों में भूमिगत, ओपनकास्ट और मिश्रित खदानें शामिल हैं। बात करें एसईसीएल की तो एसईसीएल के पास कुल 60 खदानें हैं जिनमें 40 भूमिगत और 20 खुली खदानें हैं। इनमें से 8 खदानें टॉप 35 की श्रेणी में शामिल हैं। इसी तरह एमसीएल की 12 व एनसीएल की 7 खदानें टॉप 35 की श्रेणी में शामिल हैं। कोल इंडिया के कुल उत्पादन में टॉप-35 खदानों का योगदान पहली तिमाही में 70 प्रतिशत से अधिक है। यानी बीसीसीएल-ईसीएल जैसी कंपनियों को अपनी ज्यादा-से-ज्यादा खदानें टॉप-35 श्रेणी में करने के लिए खदानों का विस्तार करने की दरकार है। छोटी खदानों के मुकाबले टॉप-35 श्रेणी की खदानों में कोयला उत्पादन की लागत कम रहती है। वर्तमान प्रतियोगिता के दौर में कंपनियों के समक्ष उत्पादन लागत कम करने की बड़ी चुनौती है।

**खास बातें**

- टॉप 35 श्रेणी में सालाना 4 मिलियन टन कोयला उत्पादन, टॉप में आने खदानों को करना होगा विस्तार



## पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम मोहतरा से मामा गांव पहुंचा था रथ यात्रा देखने

# रथ यात्रा देखने गए मासूम पर कुत्तों ने किया हमला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रसिद्ध ग्राम दादर में 100 साल से भी अधिक समय से रथ यात्रा आयोजित किया जा रहा है। जहां हर साल दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग रथयात्रा देखने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर ग्राम दादर से विवाह कर दूसरे गांव गईं बेटी साल अपने मायके में ही रथ यात्रा त्योहार मनाती हैं। जांजगीर चांपा में भी रहने वाला एक परिवार अपने बच्चों के साथ रथ यात्रा देखने के लिए पहुंचा था। इस दौरान एक 5 वर्षीय मासूम को खेलते समय आधा दर्जन कुत्तों ने उसके ऊपर हमला कर दिया और कुत्तों के हमले से गंभीर रूप से घायल मासूम को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है। मासूम की मौत से रथ यात्रा की खुशी मातम में तब्दील हो गई है। वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**खास बात**

- देर शाम 5 .00 बजे की घटना, इलाज के दौरान मेडिकल हास्पिटल में मौत



जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम मोहतरा निवासी प्रकाश पटेल 5 वर्ष अपने माता-पिता के साथ अपने मामा के घर मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादर रथ यात्रा देखने के लिए पहुंचा था। सुबह से ही आज ग्राम दादर में रथ यात्रा की धूम थी और सभी तरफ खुशियां बिखर रही थी। इस बीच प्रकाश पटेल 5 वर्ष भी अपने दोस्तों के साथ गली में खेल रहा था कि किसी दौरान शाम लगभग 5:00 बजे एक साथ 5 से अधिक कुत्तों ने प्रकाश पटेल पर हमला कर दिया। सीधे कुत्तों ने उसके गर्दन पर हमला किया, जब तक स्थानीय लोगों द्वारा कुत्तों को वहां से दूर किया जाता तब तक मासूम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घटना के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों और पड़ोसियों की मदद से प्रकाश पटेल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर के इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम प्रकाश पटेल की मौत से दादर में मनाई जा रही रथ यात्रा की खुशी मातम में तब्दील हो गई। पूरा परिवार सदमे में है फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जिले के गली मोहल्लों में लगातार कुत्तों की बढ़ती संख्या से आम लोग हलाकान हैं। शहर में लगातार कुत्ते से हमले की घटना सामने आती है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इनके लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

# पहले पत्नी के साथ की मारपीट कुछ देर बाद पति की संदिग्ध अवस्था में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 2 साल पहले 31 वर्षीय युवक ने एक युवती से प्रेम विवाह किया था और दोनों अपने माता-पिता के घर में ही रहते थे। युवक शराब पीकर अपने घर पहुंचा था और नशे में अपनी पत्नी से मारपीट भी की थी। जिसके कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां से उसे गंभीर अवस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सरगर्म हैं। पुलिस फिलहाल विभिन्न बिंदुओं पर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। मृत युवक के घुटने में धारदार हथियार के चोट के निशान भी पाए हैं।

**खास बातें**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सुभाष ब्लाक की घटना, जांच में जुटी पुलिस
- घुटने में धारदार हथियार के मिले निशान, तीन टांके लगे थे



मेडिकल कॉलेज में कार्रवाई के लिए शव को लेकर जाते स्टाफ।



शव का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सुभाष ब्लॉक का है। यहां निवासरत हीरालाल सोनवानी का 30 वर्षीय पुत्र अंकित सोनवानी ने 2 साल पहले प्रिया नामक एक युवती से प्रेम विवाह किया था। दोनों से एक डेढ़ साल का बच्चा भी है। बताया जाता है कि बुधवार को अंकित सोनवानी शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा था और जब उसकी पत्नी प्रिया ने देर से दरवाजा खोला तो इसी बात को लेकर वह नाराज हो गया और अपनी पत्नी प्रिया के साथ जमकर वाद विवाद कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद उसके घुटने के नीचे धारदार हथियार से चोट लगी थी। उसके परिजनों ने उसे ⏭ शेष पेज 3 पर

# स्मार्ट मीटर से बिजली व्यवस्था होगी और पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदेश में विद्युत वितरण व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में स्मार्ट मीटर प्रणाली का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली खपत की वास्तविक समय (रियल-टाइम) में जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे वे अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और अनावश्यक खर्च मे कमी ला सकेंगें।

स्मार्ट मीटर तकनीक से मीटर रीडिंग पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी। साथ ही बिलिंग प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी। उपभोक्ता मोबाइल



ऐप के माध्यम से अपनी दैनिक एवं मासिक बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगें तथा ऊर्जा बचत के लिए बेहतर निर्णय ले सकते हैं। साथ ही स्मार्ट प्रणाली से बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण, लाइन लास में कमी लाने में भी सहायक सिद्ध होगी। मोर बिजली ऐप के स्मार्ट मीटर सेक्शन में खपत पूर्वानुमान की सुविधा जोडी गई है, जिसके माध्यम से कोई भी उपभोक्ता अपने वर्तमान माह का अनुमानित खपत देख सकता है साथ ही विगत माह/वर्ष एवं वर्तमान माह के खपत की तुलनात्मक जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। इस सुविधा के माध्यम से वर्तमान माह तथा पिछले वर्ष का समान माह की जानकारी भी देख सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपनी दैनिक बिजली खपत की नियमित निगरानी रखना है ताकि निर्धारित उपयोग सीमा के भीतर रहे। जिससे बिजली पर होने वाले अतिरिक्त व्यय को रोका जा सके। राज्य में स्मार्ट मीटर परियोजना के माध्यम से विद्युत सेवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित बिजली सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रदेश की विद्युत वितरण व्यवस्था को डिजिटल युग के अनुरूप सशक्त बनाना है।

# तरदा के एक सूने मकान में मिला बायोमेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

राम तरदा के एक मकान से बदबू आने पर परेशान ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद मकान से भारी मात्रा में लाल, पीले और नीले रंग के बैगों में भरकर रखे बायोमेडिकल कचरा का भंडार मिला है। दरअसल कुछ दिनों से मकान से बदबू आ रही थी। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह जब मालवाहन लगाकर इस बायोमेडिकल वेस्ट को कहीं और ले जाने की तैयारी की गई तो ग्रामीणों ने विरोध कर उरगा पुलिस को इसकी सूचना दी।

**खास बात**

- बदबू बढ़ने से ग्रामणो ने पुलिस से की शिकायत

ग्रामीणों की शिकायत पर उरगा पुलिस यह जांच कर रही है कि आखिर यहां बायोमेडिकल वेस्ट क्यों व किसकी अनुमति से रखा गया है। बताया जा रहा है कि 3 दिन पहले यह मकान किराए में लिया गया था जहां विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल वेस्टेज को भंडारण कर रखा जा रहा था। अधिकारियों की जानकारी में यह बात लाई गई है। सारी बातें स्पष्ट होने पर विधि सम्मत कार्रवाई संभव होगी। सूत्रों के हवाले से प्रारम्भिक तौर पर पता चला है कि शहर के हॉस्पिटल और बायोमेडिकल वेस्ट उठाने वाली एजेंसी के बीच कचरा संग्रहण और निस्तारण का अनुबंध हुआ है। बायोमेडिकल वेस्ट उठाने वाली एजेंसी प्रतिदिन कचरा अपने अधिकृत उपचार केंद्र तक ले जाने के बजाय परिवहन खर्च बचाने के लिए ग्राम तरदा ⏭ शेष पेज 3 पर



घर के अंदर रखा गया बायोमेडिकल वेस्ट

**नियमानुसार होना चाहिए निस्तारण**

नियम अनुसार बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत अस्पताल से निकलने वाले संक्रमित कचरे का सुरक्षित तरीके से संग्रहण, परिवहन, उपचार और निस्तारण अनिवार्य है। इस प्रकार के कचरे को किसी सामान्य मकान, आबादी वाले क्षेत्र या अनधिकृत स्थान पर जमा करना नियमों की मंशा के विपरीत है क्योंकि इससे वायु और जल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संक्रमण फैलने का डर बना रहता है। कचरे को अधिकृत कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पहुंचाया जाना चाहिए।

## दस दिन बाद हुईं वर्षा से गिरा मौसम का पारा

# दोपहर से शुरू हुईं बारिश ने उमस क़ी गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 10 दिनों से उमस क़ी गर्मी से बैचेन शहरवासियो को गुरुवार दोपहर से शुरू हुईं बारिश ने राहत दिलाई शाम तक रूक रुक कर होती बारिश से मौसम का तापमान गिरने से ठंडक आ गई । बारिश क़ी सम्भवना को मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट कर दिया था जुलाई महीने के शुरुआत मे लगातार हुईं बारिश से पिछडी खेती को राहत मिली थी लेकिन फिर बीते दस दिनों तक बारिश नही होने से मौसम का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोग उमस क़ी गर्मी से बैचेन हो गए। वही पिछड़ी खेती को बारिश से मिली राहत ने एक बार फिर संकट खड़ा कर दिया था लेकिन गुरुवार क़ी बारिश ने मौसम क़ी तस्वीर ही बदल दी बारिश नहीं होने से सड़को से धूल उड़ने लगी थी। बारिश से खेती को फिर से राहत मिलने से कार्य मे तेजी आएगी हलाकि खेती जून महीने बारिश नहीं होने से पहले ही पिछड़ चुकी है अबतक आधा आसाड गुजर चूका है ओर बारिश ने वो रफ्तार नहीं पकड़ सकी है जिससे मौसम मे ठंडक आने के साथ खेती को भी फायदा हो। वैसे भी मानसून क़ी शुरुआत इस वर्ष खंड वर्षा से ही हुईं है।



बारिश से भीगा शहर।








# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**
**वाशिंग मशीन**





रजनी कौशिक

**द्वितीय पुरस्कार**
**इंडक्शन**





कामिनी पटेल

**तृतीय पुरस्कार**
**मिक्सर ग्राइंडर**





काव्या कौशिक

**चतुर्थ पुरस्कार**
**इलेक्ट्रिक आयरन**





पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा | दिव्यांशी थवाईत | अदिती खरे | यूविका कश्यप | अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा | अमृता देवांगन | सरला पांडेय | मालती सराफ | शिल्पी उपाध्याय | सपना श्रीवास | श्रुति सोनी | आशमा खातून | रेनू कैवर्त | शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा | पूनम विश्वकर्मा | सोनल श्रीवास्तव | आशा सिन्हा | शैली सिन्हा | संस्कृति श्रीवास्तव | कविता सराठे | दीपा गुप्ता | मौसम | पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास | चमेली साहू | कामिनी जायसवाल | सीता बाई साहू | आभा शुक्ला | फिंगेश्वरी आदित्य | आकांक्षा साहू | सोनाली जायसवाल | बबली साहू | भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद | परिभाषिका | दीपा यादव | धनेश्वरी | खुशबू देवी | रेखा उपाध्याय | संजू ठाकुर | जसीना खातुन | प्रियंका सिंह | राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर | नीता सारथी | सरस्वती चौहान | शोभा ठाकुर | अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन सट्टे के नेटवर्क पर पुलिस ने की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

चांपा। जिले में ऑनलाइन सट्टे के अवैध कारोबार पर लगाम कसते हुए सायबर थाना एवं चांपा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 1 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि चांपा क्षेत्र में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन अंकों पर हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही सायबर थाना और चांपा पुलिस की टीम ने संजय नगर वार्ड में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उत्तम देवांगन निवासी संजय नगर चांपा को संदिग्ध अवस्था में मोबाइल के साथ पकड़ा गया।

पूछताछ और मेमोरेण्डम के दौरान उसने बताया कि वह अपने रिश्तेदार किशन देवांगन 36 वर्ष निवासी स्टेशन रोड, सक्ती के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने मौके से तीन मोबाइल फोन और 1 हजार रुपये नकद जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध के तहत छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 में अपराध पंजीबद्ध किया। इसके बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इन अधिकारियों की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, सायबर थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक माखन लाल साहू, आरक्षक शहबाईं अहमद तथा उप निरीक्षक सत्यम चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

### कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

बिर्रा। अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के कब्जे से 15 लीटर शराब जब्त किया गया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम करही का है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बिर्रा पुलिस द्वारा करही निवासी नागेश्वरी बंजारे के कब्जे से 15.4 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया। इस दौरान आरोपिया के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### पटवारी की मृत्यु पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के लिए 16 सालों से भटक रही पत्नी

जैजैपुर। राजस्व विभाग में सेवा दे रहे पटवारी के असमय मृत्यु हो जाने के बाद उसकी पत्नी को अपने पति के विभाग में जमा पूंजी एवं अनुकम्पा नियुक्ति पाने को लेकर 16 वर्षों से लगातार शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने विवश देखा जा रहा है।जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम बेलादुला में निवास कर रही पटवारी स्व.महादेव सिदार की पत्नी खिरबाई ने कहा कि 16 वर्ष पूर्व उसका पति मालखरौदा तहसील के नकझर ग्राम हल्का में पटवारी के रूप में पदस्थ थे शासकीय सेवा के दौरान 1. 6.2010 उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पहले पत्नी के...

एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां उसका प्राथमिक उपचार भी किया गया था इस बीच उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई और एसईसीएल के स्थानीय चिकित्सकों ने उसे एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान अंकित सोनवानी की मौत हो गई। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई स्पष्ट नहीं हो पाया है। मानिकपुर चौकी से एएसआई सुदामा पाटले बताया कि मृतक अंकित सोनवानी के घुटने में धारदार हथियार के चोट के निशान मिले हैं। प्रथमदृष्ट्या जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि अंकित आदतन शराबी था और वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट भी किया करता था। घटना के दिन भी उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। युवक की मौत कैसे हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### तरदा के एक...

में किराए का कमरा लेकर कचरे का अस्थायी भंडारण कर रही थी। जब पर्याप्त मात्रा में कचरा इकट्ठा हो जाता, तब उसे एक साथ वाहन में भरकर ले जाया जाता लेकिन इससे फैलने वाली भारी बदबू से लोग परेशान होने लगे और इसकी शिकायत पुलिस से की। ऐसे में सवाल उठता है कि जब एग्रीमेंट का उद्देश्य अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का सुरक्षित संग्रहण, परिवहन और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करना था, तब उसी कचरे को आबादी के बीच ग्राम तरदा के एक किराए के मकान में बड़ी मात्रा में भंडारित क्यों किया गया? यदि यह भंडारण बिना वैधानिक अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया के किया गया, तो यह न केवल अनुबंध की भावना के विपरीत है, बल्कि बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों का भी उल्लंघन है।

# ग्रामीणों के घर पहुंचकर पीएम आवास की हकीकत से अवगत हुए सीईओ जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## जिला मुखालय के अंतिम छोर में बसे पसान का किया दौरा



जिले के अंतिम छोर पसान में गुरुवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने अचानक पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों का जमीनी निरीक्षण किया। उनके अचानक दौरे से स्थानीय अमले में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान सीईओ प्रतीक जैन सीधे हितग्राहियों के घर पहुंचे और निर्माणाधीन आवासों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर आवास निर्माण में हो रही देरी के कारणों की जानकारी ली तथा जिन हितग्राहियों द्वारा अभी तक कार्य पूरा नहीं किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी आवास योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र तिग्गा, जुनैद खान, हिमांशु पाण्डेय, आनंद मित्तल एवं जुबैर खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ के इस औचक निरीक्षण को ग्रामीण क्षेत्र में आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### बैठक में शासकीय योजनाओं की हुई समीक्षा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। बैठक में विकसित भारत-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री जैन ने कहा कि तकनीकी अमला नियमित रूप से फील्ड भ्रमण करे तथा सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का किया प्रयास

# लायंस क्लब कटघोरा छुरी की पहल : प्रथम चरण में 170 मवेशियों के गले में बांधी रेडियमयुक्त पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सामाजिक सेवा और गौ संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय लायंस क्लब कटघोरा छुरी ने बुधवार को जनहितकारी पहल करते हुए गौ सेवा संरक्षण अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत बस स्टैंड मार्ग से तानाखार तक करीब 5 किलोमीटर के एरिया में सड़क किनारे एवं मार्ग पर बैठे लगभग 170 मवेशियों के गले में रेडियमयुक्त पट्टियां बांधीं। इस पहल का उद्देश्य रात्रि के समय सड़क पर बैठे मवेशियों की पहचान सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा मानव और गौवंश दोनों की सुरक्षा करना है।

यह सेवा कार्य क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। अभियान के दौरान क्लब के सदस्यों ने मुख्य मार्ग का भ्रमण कर एक-एक मवेशी के गले में विशेष रेडियमयुक्त पट्टियां बांधीं, जो रात के समय वाहन की हेडलाइट पड़ते ही दूर से चमकती हैं। इससे वाहन चालकों को पहले ही मवेशियों की उपस्थिति का संकेत मिल सकेगा और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव होगा। इस अवसर पर रीजन पीआरओ एवं संरक्षक अजय धनोंदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष अनेक मवेशियों के साथ-साथ लोगों की भी जान चली जाती है। ऐसे में रेडियमयुक्त पट्टियां बांधने जैसी छोटी लेकिन प्रभावी पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता उत्पन्न करना भी है,



मवेशियों को रेडियम पट्टी लगाते लायंस क्लब के सदस्य।

ताकि लोग गौवंश की सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। गौ सेवा संरक्षण अभियान के प्रथम चरण में लगभग 170 मवेशियों को रेडियमयुक्त सुरक्षा पट्टियां पहनाई गई हैं। आगामी चरणों में इस अभियान का विस्तार कर अधिक से अधिक क्षेत्रों में बैठे निराश्रित मवेशियों तक पहुंचकर उन्हें भी रेडियमयुक्त पट्टियां पहनाई जाएंगी।

लायंस क्लब की इस पहल से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ गौ संरक्षण के संदेश को भी नई मजबूती मिली है। क्लब ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, राकेश पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, भारत भूषण, सुधीर पाण्डेय के सांथ नगरवासी उपस्थित रहे

# शिवनगर रूमगरा में मां सरस्वती मंदिर निर्माण का भूमि पूजन



भूमिपूजन करते हुए पार्षद नरेंद्र देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रथ यात्रा के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, शिवनगर रूमगरा में प्रस्तावित मां सरस्वती मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के अनुसार आयोजित इस धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा जगत से जुड़े पदाधिकारियों, विद्यालय परिवार तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र देवांगन (निर्विरोध पार्षद, नगर पालिक निगम कोरबा, जिला महामंत्री भाजयुमो कोरबा एवं दुर्ग संभाग प्रभारी) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश जायसवाल (प्रांत प्रमुख, वनांचल शिक्षा सेवा न्यास, छत्तीसगढ़) शामिल हुए। कार्यक्रम में वीरेंद्र मिश्रा (संयोजक) एवं गोरेलाल चंद्रा (कोषाध्यक्ष) भी मंचासीन रहे। भूमिपूजन का शुभ कार्य नरेश जायसवाल के करकमलों से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की सफलता एवं क्षेत्र में ज्ञान, संस्कार और भारतीय संस्कृति के प्रसार की कामना की। इस अवसर पर फागुराम खैरवार, शिवलाल सिंह, गोरेलाल चंद्रा, वीरेंद्र मिश्रा, कृष्णा यादव, भरत पाल, ऋतु साहू, जमुति कश्यप, सुशीला सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय परिसर में बनने वाला मां सरस्वती मंदिर विद्यार्थियों के लिए केवल आस्था का केंद्र ही नहीं होगा, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का भी माध्यम बनेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मुख्य अतिथि नरेंद्र देवांगन ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरसंभव सहयोग देने की घोषणा की।

# जब नहीं सुनी गई फरियाद तो ग्रामीणों ने शुरु कर दिया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रोगदा के आश्रित ग्राम बंजारी तक जाने के लिए पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने सुशासन तिहार से लेकर जनदर्शन तक अपनी फरियाद अधिकारियों को सुनाते रहे। जब फरियाद नहीं सुनी गई तब ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर पहुंच मार्ग का निर्माण कर लिया।

भरी बारिश में पंचायत मुख्यालय से आश्रित ग्राम तक पहुंचने के लिए कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता था। जिले से 30 किलोमीटर दूर ग्राम बंजारी गांव बसे हैं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वंचित है। करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रोगदा के आश्रित ग्राम बंजारी यहां की आबादी लगभग 250 लोगों का निवास करते है। इस



श्रमदान करते हुए ग्रामीण।

गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आने जाने के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसे देखकर समस्त ग्रामवासियों द्वारा कच्ची सड़क में राखड़ और मुरूम पाटकर रोड तैयार किया जा रहा है। जिससे आने-जाने में ज्यादा दिक्कत ना हो। ग्रामीणों ने बताया कई जनप्रतिनिधियों को हमारे द्वारा कई बोला गया रोड बनवाने के लिए मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। आश्वासन तो सभी देते हैं मगर ध्यान कोई नहीं देता चुनाव के समय भी हम लोग बोले थे वोट मांगने तो पहुंच जाते हैं।

*कोरबा। विश्व सर्प दिवस के अवसर पर नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी ने आमजन से सर्पों के संरक्षण एवं सह-अस्तित्व का संदेश दिया,संस्था द्वारा वर्षों से वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में सर्प संरक्षण, सुरक्षित रेस्क्यू, जन-जागरूकता एवं मानव सर्प संघर्ष को कम करने का काम किया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# रजकम्मा व मलदा मुक्तिधाम में रोपे गए 250 फलदार पौधे



**खास बातें**

- अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का आयोजन, 19 जुलाई तक पूरे प्रदश में चलेगा पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, छत्तीसगढ़ के आह्वान पर गुरुवार को प्रदेश कार्यकारिणी एवं कटघोरा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रजकम्मा तथा मलदा मुक्तिधाम, कटघोरा में लगभग 250 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आम, अमरूद, जामुन, नींबू,कटहल,काजू,निम सहित विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, छत्तीसगढ़ के संरक्षक ईश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष रामवतार अग्रवाल ने प्रदेश की सभी जिला, तहसील एवं नगर इकाइयों से 19 जुलाई तक अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटते वन क्षेत्र को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाले वर्षों में प्रदेश को अधिक हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सागरमल धनोंदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सकता है। अग्रवाल समाज हमेशा से सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और यह वृक्षारोपण अभियान भी उसी परंपरा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्रदेश के उपाध्यक्ष सागरमल धनोंदिया, सदस्य सुरेश बंसल, चंद्रप्रकाश सिंघानिया, पवन अग्रवाल शारदा, घांसीराम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल रजकम्मा, कटघोरा इकाई के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, सदस्य अशोक अग्रवाल (राहुल रोड लाईन्स)सहित समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में उपस्थित जनसमूह ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी।

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### जनपद सीईओ को कार्यमुक्त करने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन पोड़ी-उपरोड़ा दौरे पर पहुंचे, जहां जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्य एवं सरपंच संघ के सदस्य सीईओ श्री जैन को ज्ञापन सौंपा और उनसे मांग की, कि सीईओ भूपेंद्र कुमार सोनवानी को तुरंत रिलीव करें। यहां के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सीईओ श्री सोनवानी का स्थानांतरण हुए 15 दिन बीत गए, परंतु अभी तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सीईओ श्री जैन को बताया कि भूपेंद्र कुमार सोनवानी सभी जनप्रतिनिधियों से तीन से चार पर्सेंट कमीशन मांगते हैं और सरपंच-सचिव से दुर्व्यवहार भी करते हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने सीईओ श्री जैन को अवगत कराया कि श्री सोनवानी के खिलाफ जनप्रतिनिधियों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है और उन्हें तुरंत रिलीव करें। सभी जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन में बताया है कि सीईओ श्री सोनवानी को चार दिन के अंदर रिलीव करें, अन्यथा नेशनल हाईवे में चक्का जाम किया जाएगा और जनपद पंचायत में काम बंद-कलम बंद हड़ताल की जाएगी और जनपद सदस्य, सरपंच एवं सभी जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**हरदीबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार में प्रदेश संगठन सृजन अभियान के तहत पूर्व विधायक निवास पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मजबूती लाने के लिए पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरिश परसाईं एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष मनोज चौहान ,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन लाल राठौर के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रथम बैठक आयोजन के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई इस दौरान अतिथियों द्वारा कहा कि सभी एकजुट होकर पार्टी हित में काम करें एवं पार्टी के दिए गये जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से घर घर जाकर कांग्रेस कार्यकाल में हुई सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए चर्चा करें, बैठक में ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास , प्रभारी गुलशन जायसवाल , महिला कांग्रेस(ग्रामीण) जिलाध्यक्ष प्रभा सिंह तंवर, श्रीमती मीरा कंवर , कन्हैया राठौर , एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर,भैय्या राम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश अध्यक्ष से मिले जिपं अध्यक्ष, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. पवन सिंह ने जिले एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए विकास कार्यों एवं जनहित से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण विकास, सड़क, पेयजल तथा अन्य आवश्यक जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। साथ ही जिले के विकास एवं जनकल्याण के लिए निरंतर मिल रहे सहयोग, मार्गदर्शन एवं समर्थन हेतु दोनों वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्री सप्तदेव मंदिर में मां राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ सम्पन्न



**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में प्रत्येक माह अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित होने वाला माँ श्री राणीसती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ 14 जुलाई को श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं मंगलपाठी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर माँ श्री राणीसती दादी की आराधना की। कार्यक्रम में श्रीमती लीना अग्रवाल एवं उनकी मंडली द्वारा मधुर एवं संगीतमय शैली में मंगलपाठ प्रस्तुत किया गया। सभी मंगलपाठी बहनों ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान नथ, चूड़ा एवं चुनड़ी धारण कर एक स्वर, एक लय और एक भाव से मंगलपाठ किया। भक्ति गीतों, मंगलगान एवं जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर माँ श्री राणीसती दादी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते रहे। मंगलपाठ के उपरांत भगवान की भव्य आरती सम्पन्न हुई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर की प्रमुख ट्रस्टी श्रीमती प्रेमा अग्रवाल ने मंदिर में आयोजित होने वाले आगामी धार्मिक आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी 4 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव अत्यंत भव्य एवं आकर्षक रूप में मनाया जाएगा।

## शहर के दादरखुर्द शिव की नगरी पाली सहित बालको और छुरी में भी निकली रथयात्रा

# रथ पर निकले जगन्नाथ, दर्शन को उमड़े लोग, स्वागत में बरसे मेघ



रथयात्रा में शामिल शहरवासी।



भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करती महापौर संजू देवी राजपूत।



पाली में रथ खींचते श्रद्धालु।

**9 दिन तक रहेंगे अपने मौसी के घर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शहर के दादरखुर्द से लेकर शिवनगरी पाली से लेकर छुरी व बालको में भी हजारों हाथ रथ खींचने उमड़ पड़े। भक्तों को दर्शन देने रथ में सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ के स्वागत करने मेघ भी बरस पड़े। बरसते पानी के बीच भगवान जगन्नाथ को गर्भ गृह से बाहर निकालकर रथ में सवार कराया गया।

9 दिन तक चलने वाले रथयात्रा का महत्व धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। सैकड़ों वर्ष दादरखुर्द की रथयात्रा में सैकड़ों लोग रथ को खींचने के लिए उमड़े हुए थे। अंचल में छोटे पुरी के नाम से पहचान बना चुके दादर के जगन्नाथ मंदिर में ब्रम्ह मुहूर्त से ही पूजा अर्चना का दौर शुरु हो चुका था। विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मावलंबियों के द्वारा अपने अपने परिजनों के साथ मंदिर परिसर में पहुंचकर प्रभु जगन्नाथ के पूजा अर्चना की। दोपहर मंदिर परिसर में ही भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दादरखुर्द के अलावा बालको औद्योगिक नगरी में भी बीते 35 वर्षों से रथयात्रा उत्कल समाज के द्वारा निकाली जा रही है। इनके अलावा शिव की नगरी पाली, कोसा नगरी छुरी सहित ढेलवाडीह एसईसीएल आवासीय कालोनी में भी स्थानीय लोगों ने श्रद्धा भाव से भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचा। रथ में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने मौसी के घर पहुंचेंगे जिसे गुंडिचा मंदिर कहा जाता है जहां 9 दिन तक वहां विश्राम करेंगे और सभी दिन मीठे पकवानों का भोग लगाया जाएगा। दादरखुर्द के मंदिर से रथयात्रा गांव के कंकालीन मंदिर पहुंची। इसी तरह बालको राम मंदिर से निकली रथयात्रा नगर का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंची। जहां उत्कल समाज के द्वारा गुड़िच्चा मंदिर बनाया गया है। 9 दिन तक यहां धार्मिक आयोजन होंगे।

### बालकोनगर में निकली भव्य रथयात्रा



भगवान जगन्नाथ की पावन रथयात्रा का आयोजन बालकोनगर उत्कल भारती समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालको के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी निकेत श्रीवास्तव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन एवं बड़ी संख्या में नगरवासी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। निकेत श्रीवास्तव ने पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रद्धालुओं के साथ स्वयं रथ खींचकर इस पावन परंपरा में सहभागिता निभाई। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रथयात्रा के आगे चल रहे कर्मा नृत्य दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुन, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया। रथयात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर बालकोनगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रामलीला मैदान स्थित श्री गुंडिचा मंदिर पहुंची। यहां भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की विधिवत स्थापना की गई तथा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। आयोजन समिति के अनुसार 16 से 24 जुलाई तक श्री गुंडिचा मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, महाप्रसाद वितरण एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ये है धार्मिक महत्व

रथयात्रा निकाले जाने के साथ झाड़ू से जगत के पालनहार का रास्ता साफ किया जाता है। इसके पूर्व आचार्यों के द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को गोद में लेकर रथ की परिक्रमा कराने के बाद रथ में प्रतिस्थापित किया जाता है। शंख और घंटियों की गूंज के साथ रथयात्रा शुरु होती है। दादर में महापौर संजू देवी राजपूत सहित बड़े भाजपा नेता की उपस्थिति में रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रथ की रस्सी को खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। 9 दिन तक गुंडिचा मंदिर में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ शुक्ल पक्ष की 10वीं तिथि को जिसे वसुधा तिथि भी कहा जाता है इस दिन अपने मंदिर वापस पहुंचेंगे। रथयात्रा शुरु होने के पूर्व से ही आसमान में छाये बादल जगन्नाथ के स्वागत के लिए बरस पड़े। इस दौरान भी सैकड़ों भक्तों के हाथ बरसते पानी में रथ को खींचते रहे।

# वेतन भुगतान की मांग को लेकर गेवरा में ठेका श्रमिकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना के अंतर्गत साइलो तथा सीएचपी निर्माण कार्य में लगे बंसल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड में कार्य पर नियोजित ठेका श्रमिकों को जून माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने गेवरा के श्रमिक चौक पर धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

**खास बात**

- घंटों तक जारी रहा प्रदर्शन, कामकाज रहा बाधित

श्रमिकों ने बताया कि करीब दो माह पूर्व उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल गेवरा के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया था। उस दौरान एसईसीएल के एरिया पर्सनल मैनेजर बंसल कंपनी प्रबंधन और श्रमिकों के बीच यह समझौता हुआ था। जिसमें हर महीने की 7 से 10 तारीख के बीच सभी श्रमिकों के वेतन का अनिवार्य रूप से भुगतान कर दिया जाएगा। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा समझौते का उल्लंघन करते हुए इस माह भी समय पर भुगतान नहीं किया गया जिससे श्रमिकों के समक्ष जीवन-यापन का गहरा संकट खड़ा हो गया है। श्रमिकों का कहना है कि जुलाई और अगस्त का समय घरेलू और सामाजिक रूप से भारी आर्थिक दबाव का होता है। बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन मजदूरों की इन मूलभूत समस्याओं को लगातार नजरअंदाज कर रहा है। विरोध प्रदर्शन और मुख्य महाप्रबंधक को सौंपे गए पत्र की प्रतिलिपि स्थानीय थाना प्रभारी (दीपका) सी.आई.एस.एफ. गेवरा कमांडेंट और कटघोरा क्षेत्र के विधायक कार्यालय को भी प्रेषित किया गया है।



प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

### प्रबंधन के रवैये से बढ़ा आक्रोश

श्रमिकों के अनुसार चालू माह की 10 तारीख को जब उन्होंने वेतन भुगतान को लेकर बंसल कंपनी प्रबंधन से सीधी चर्चा की थी तब प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि सोमवार से बुधवार तक शत-प्रतिशत भुगतान हो जाएगा लेकिन वादे के मुताबिक भुगतान नहीं हुआ जब श्रमिकों ने पुनः प्रबंधन से संपर्क किया तो जिम्मेदार अधिकारियों ने अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा कि जब पेमेंट आएगा तब काम में आना इस दो टूक जवाब के बाद पिछले 5 दिनों से परियोजना का कार्य पूरी तरह बंद है ।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

श्रमिक चौक पर सुबह 9 से 3 बजे तक लगभग 6 घंटे तक जारी धरना प्रदर्शन में श्रमिकों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि उनके हक की गाढ़ी कमाई का भुगतान तत्काल नहीं किया जाता है तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। श्रमिकों ने मुख्य महाप्रबंधक को लिखित सूचना पत्र सौंपकर तत्काल मानदेय दिलवाने की मांग की है साथ ही आग्रह किया है कि इस आंदोलन के कारण परियोजना के कार्य की प्रगति या किसी भी प्रकार की शासकीय संपत्ति व उत्पादन का नुकसान होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बंसल इंफ्राटेक प्रबंधन और एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

# बहन के घर मेहमानी में गया युवक जमीन में सो रहा था, सांप ने डंसा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक मेहमानी में अपनी बहन के घर गया हुआ था। जहां वह खाना खाकर जमीन पर रात को सोया हुआ था। इसी दौरान देर रात को किसी जहरीले सर्प ने उसे डंस लिया। जब परिजनों को पता चला कि उसे जहरीले सांप ने डंस लिया है, तो उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को चिकित्सकों ने देखते हुए मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है।

**खास बात**

- मामला पाली थाना क्षेत्र गोपालपुर का

मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी सुखी कुमार 30 वर्ष पिता पंचराम बुधवार को कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदनपुर अपनी बहन के घर मेहमानी में गया हुआ था। जहां रात लगभग 9:00 बजे सभी लोगों ने एक साथ भोजन किया और भोजन के उपरांत सुखी कुमार जमीन पर सो गया था। इस दौरान देर रात लगभग 1:00 बजे डंडा करैत नामक एक जहरीले सर्प ने सुखी को डंस लिया। जब सखी ने इसकी जानकारी अपनी बहन और जीजा को दी तो उसके बाद उसे उपचार के लिए कटघोरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल हॉस्पिटल में कुछ घंटे इलाज चलने के बाद सुखीराम की मौत हो गई।

# कांग्रेस के मंडल व सह मंडल प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने जिले के सभी 10 मंडल कांग्रेस कमेटी में मंडल प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। जिला अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि सभी नव नियुक्त प्रभारी एवं सह प्रभारी आपसी तालमेल बैठाकर संबंधित ब्लॉक के पदाधिकारियों और ब्लॉक प्रभारी एवं सह प्रभारी से समन्वय बनाकर अपने-अपने मंडल कमेटी में जाकर शीघ्र ही संगठन सृजन अभियान को गति देंगे और बूथ कमेटी तथा वार्ड कमेटी के गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

**खास बात**

- जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष ने जारी किया नियुक्ति आदेश



मुकेश राठौर

जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर द्वारा जारी सूची में सीतामणी मंडल हेतु एफ डी मानिकपुरी एवं आरिफ खान, टी पी नगर मंडल में सुधीर जैन एवं देवीदयाल तिवारी, बुधवारी मंडल का प्रभार अंतराम प्रजापति एवं डॉ. डी आर नेताम, कोसाबाड़ी मंडल में संजू अग्रवाल एवं डॉ. रामगोपाल यादव, दर्री मंडल का प्रभार अशोक लोध एवं गिरधारी बरेठ, जमनीपाली मंडल में सनीष कुमार एवं रतन लाल यादव, सर्वमंगला नगर मंडल में संतोष यादव एवं शत्रुहन श्रीवास भैंरोताल मंडल में नत्थु लाल यादव एवं डा. एल पी साहु, पाड़ीमार मंडल पर आशीष अग्रवाल पूर्व एल्डरमेन, एवं राजेन्द्र सूर्यवंशी सहित नेहरू नगर मंडल के लिए नारायण कुर्रे एवं रवि खुंटे को प्रभारी एवं सह प्रभारी का जिम्मा देते हुए नियुक्ति आदेश जारी किया है। श्री राठौर ने बताया कि इन नियुक्तियों की जानकारी देते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत तथा पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से अनुमोदन कराकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित कर दी गई है।

### बालको में खड़े ट्रेलर से टकराई ब्रेजा कार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र के बालको नगर स्थित मिनीमाता स्कूल के पास गुरुवार की सुबह ड्यूटी पर जा रहे बालको कर्मचारी की ब्रेजा कार मार्ग किनारे खड़े गिट्टी से लोड ट्रेलर से जा टकराई। दुर्घटना में उसे मामूली चोटें आईं, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और ट्रेलर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा हैं की गिट्टी से लदा ट्रेलर सड़त किनारे खड़ा था, जिससे यह दुर्घटना घटित हुई। हादसे के बाद एक बार फिर बालकोनगर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के संबंध में समीक्षा बैठक

# पट्टाधृति सर्वे में पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करें : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नगर पालिक निगम के जोन आयुक्त, जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक लेते कलेक्टर।

बैठक में नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्तियों को पट्टाधृति अधिकार प्रदान किए जाने की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पट्टाधृति अधिकार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी प्राधिकृत अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचित पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करते हुए सर्वेक्षण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देशित किया कि प्रत्येक स्थल का सर्वे प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक रूप से ड्रोन सर्वे कराया जाए, जिससे वास्तविक स्थिति का सटीक अभिलेखीकरण हो सके। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान प्रत्येक प्रकरण में चौहद्दी का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तथा सभी सीमाओं में संबंधित व्यक्तियों के नाम स्पष्ट एवं सुस्पष्ट अक्षरों में दर्ज किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को वर्ष 2017 के सैटेलाइट इमेज का अध्ययन एवं परीक्षण करते हुए पात्रता का परीक्षण करने तथा सर्वे कार्य में उसका समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अभिलेखों, नक्शों एवं सर्वे विवरणों में पूर्ण शुद्धता, पारदर्शिता एवं तथ्यात्मकता बनाए रखें तथा प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से कहा कि केवल वास्तविक रूप से पात्र एवं अधिभोगधारी व्यक्तियों के प्रकरण ही स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए जाएं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10, 900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411